# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–24 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश में वर्तमान सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के लोकभवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में अपनी सरकार के विकास कार्यों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और पचीस करोड़ प्रदेशवासियों के समवेत प्रयास से आज यह प्रदेश, भारत के श्रम शक्ति पुंज से अर्थ शक्ति पुंज बनने की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश वही है, लेकिन बीते आठ वर्षों में इसके प्रति लोगों की धारणा पूरी तरह बदल चुकी है। सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृति के क्षेत्र में जो पहचान बनी है उसका एहसास उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरा भारत कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ वर्ष पहले बीमारू राज्य की पहचान रखने वाला उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। उन्होंने अर्थव्यवस्था की मजबूती की चर्चा की।

*उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था देश के अन्दर जो दो हजार सत्रह के पहले छठें, सातवें स्थान पर थे आज यह देश के नम्बर दो अर्थव्यवस्था बन कर के उत्तर प्रदेश उभरा है। दो हजार सत्रह के पहले राजकोष खाली था। अन्नदाता किसान बदहाल था, आत्महत्या कर रहा था, कर्मचारियों में व्यापक असंतोष था, सरकार के पहले ही दो फैसले थे अन्नदाता किसानों का, लघु और सीमान्त किसानों का कर्ज माफ करना है और अपने कर्मचारियों को सेवेंथ पे कमीशन की रिपोर्ट को लागू करना है।*

सीएम योगी ने कहा कि राज्य सरकार के काम के नतीजे दिख रहे हैं। यूपी ने कानून–व्यवस्था के मामले में बड़ी छलांग लगाई है। प्रयागराज का महाकुंभ इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। कृषि पर बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विकास दर बढ़कर साढ़े तेरह प्रतिशत से अधिक हो गई है, इससे राज्य की जीडीपी में अट्ठाइस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य क्षेत्र में आये बदलावों की भी चर्चा की।

**आयुष्मान भारत में उत्तर प्रदेश देश के अन्दर नम्बर एक पर है। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के माध्यम से लगभग साढ़े तेरह करोड़ रोगी उसके माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं और जो विभिन्न मेडिकल कॉलेजज की संख्या बढ़ाने के बाद जो सीट्स बढ़ी हैं एमबीबीएस में मात्र उन्नीस सौ नम्बे सीट्स थीं आज वो बढ़कर के पांच हजार दो सौ पचास हुयीं हैं। निजी मेडिकल कॉलेजज में भी यह सीट्स दो हजार पांच सौ पचास से बढ़कर के छः हजार पांच सौ पचास हुयी हैं।**

वर्ष दो हजार सत्रह में योगी आदित्यनाथ प्रदेश के मुख्यमंत्री बने और दो हजार बाइस के विधानसभा चुनावों में भाजपा फिर से सत्ता में लौटी। इस तरह योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के इतिहास में लगातार दो बार पदभार संभालने वाले पहले मुख्यमंत्री बन गए।

**********

प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के आठ साल पूरे होने पर कल से सभी जिलों में तीन दिवसीय विकास उत्सव के आयोजन होंगे। ''उत्तर प्रदेश–भारत का ग्रोथ इंजन'' थीम पर कल इनका शुभारंभ सभी जिलों में प्रभारी मंत्रियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा। इसी क्रम में कुशीनगर जिले में प्रभारी मंत्री दिनेश कुमार सिंह विकास उत्सव का उद्घाटन करने के साथ साथ विभिन्न योजनाओं का प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे। इस मौके पर गोरखपुर जिले में भी भव्य आयोजन की तैयारी है। हमारे गोरखपुर प्रतिनिधि ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में वहां पर बड़े पैमाने पर ओद्योगिक निवेश हुआ है। पिछले आठ वर्षों में गोरखपुर को ग्यारह हजार छह सौ अठारह दशमलव सात पांच करोड़ रुपये का औद्योगिक निवेश मिला है।

**********

आज विश्व तपेदिक दिवस मनाया जा रहा है। टीबी के हानिकर स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के प्रयास तेज करने के लिए प्रत्येक वर्ष चौबीस मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– हां, हम क्षय रोग का खात्मा कर सकते हैं– प्रतिबद्धता, निवेश और परिणामी प्रयास। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश क्षय रोग के उन्मूलन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार भी निरंतर क्षय रोग की समाप्ति के लिए कार्य कर रही है।

**********

श्रीरामंदिर से जुड़े अंगद टीला पर गिलहरी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। यह जानकारी श्रीराममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने अयोध्या में आज संवाददाताओं से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि श्रीरामचरितमानस में गिलहरी की महत्ता से लोग परिचित हैं। जिस प्रकार कुबेर टीला पर जटायु की मूर्ति को स्थापित किया गया है उसी प्रकार से अंगद टीला पर गिलहरी की एक मूर्ति स्थापित की जाएगी।

**********

बदलते मौसम को देखते हुए काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विविध व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसी कड़ी में गर्मी से श्रद्धालुओं को राहत देने के लिए जर्मन हैंगर की व्यवस्था की गई है। यह जानकारी धाम के एसडीएम शंभू शरण ने दी। उन्होंने बताया कि धाम में पेयजल की भी भरपूर व्यवस्था की गई है।

**********